# University in News on 23 February 2024

## i-NEXT PAGE 8

### कालेजों ने नहीं दी रिपोर्ट, 81 कोर्स में एडमिशन बैन

**एलयू के कुलसचिव ने कालेजों को स्थायी सहयुक्तता के जारी किए निर्देश**



**LUCKNOW (22 Feb):** लखनऊ विश्वविद्यालय से संबद्ध 51 महाविद्यालयों को अपने अस्थायी पाठ्यक्रमों की स्थायी सहयुक्तता के लिए निर्धारित समय सारिणी के अनुसार स्थलीय निरीक्षण आख्या 31 मार्च तक आनलाइन या आफलाइन माध्यम से उपलब्ध करानी अनिवार्य होगी. अन्यथा इनमें संचालित 81 पाठ्यक्रमों में नए सत्र से प्रवेश प्रतिबंधित समझा जाएगा. इसके लिए कालेज उत्तरदायी होंगे. इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए.

#### अस्थाई सहयुक्तता मिली है

एलयू से संबद्ध करीब 51 महाविद्यालय ऐसे हैं, जिन्हें स्ववित्तपोषित योजना के तहत जिन्हें बीए, बीएससी, बीकाम, एमकाम, एमएससी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में तीन वर्ष की अवधि के लिए अस्थायी सहयुक्तता मिली है. इन पाठ्यक्रमों की सहयुक्तता विस्तारण की अवधि 30 जून को समाप्त होने वाली है. अब उन्हें स्थायी सहयुक्तता

## AMAR UJALA MY CITY PAGE 5

### लविवि : 11 विषयों के परीक्षा परिणाम जारी

लखनऊ। लविवि ने सत्र 2023-24 की विषम सेमेस्टर परीक्षा के अंतर्गत बृहस्पतिवार को 11 विषयों के परीक्षा परिणाम जारी कर दिए। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी कर यह जानकारी दी। विद्यार्थी लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा परिणाम देख सकते हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि विश्वविद्यालय ने जिन विषयों के परीक्षा परिणाम जारी किए हैं, उनमें एमए वूमेन स्टडीज पहले सेमेस्टर, बीबीए मैनेजमेंट पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर, बीबीए आईबी पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर, बीबीए एमएस पहले, तीसरे व पांचवें सेमेस्टर और एमबीए फाइनेंस एंड अकाउंटिंग विषय शामिल हैं। किसी तरह की समस्या या परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी होने पर छात्र-छात्राएं परीक्षा विभाग में संपर्क कर सकते हैं। (संवाद)

## JAGRAN CITY PAGE III

### कालेजों ने नहीं दी रिपोर्ट तो 81 कोर्सों में प्रवेश होगा प्रतिबंधित

**लवि के कुलसचिव ने कालेजों को स्थायी सहयुक्तता के जारी किए निर्देश, 31 मार्च तक निरीक्षण आख्या भेजने के लिए कहा**

जासं, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय से सम्बद्ध 51 महाविद्यालयों को अपने अस्थायी पाठ्यक्रमों की स्थायी सहयुक्तता के लिए निर्धारित समय सारिणी के अनुसार स्थलीय निरीक्षण आख्या 31 मार्च तक आनलाइन या आफलाइन माध्यम से उपलब्ध करानी अनिवार्य होगी। अन्यथा इनमें संचालित 81 पाठ्यक्रमों में नए सत्र से प्रवेश प्रतिबंधित समझा जाएगा। इसके लिए कालेज उत्तरदायी होंगे। इस संबंध में कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने गुरुवार को निर्देश जारी कर दिए।



दरअसल, लवि से सम्बद्ध करीब 51 महाविद्यालय ऐसे हैं, जिन्हें स्ववित्तपोषित योजना के तहत जिन्हें बी.ए, बी.एससी, बी.काम, एम.काम, एम.एससी सहित विभिन्न पाठ्यक्रमों में तीन वर्ष की अवधि के लिए अस्थायी सहयुक्तता मिली है। इन पाठ्यक्रमों की सहयुक्तता विस्तारण की अवधि 30 जून को समाप्त होने वाली है। अब उन्हें स्थायी सहयुक्तता प्राप्त करना अनिवार्य होगा। उन्हें एक वर्ष का समय अतिरिक्त दिए जाने का भी प्रविधान है। लवि ने 51 कालेजों की सूची जारी करते हुए उन्हें 31 मार्च तक समय दिया है।

## AMRIT VICHAR PAGE 4

### विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के परिणाम घोषित

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय और उससे संबद्ध महाविद्यालयों में विषम सेमेस्टर की परिक्षाओं के परिणाम घोषित हो गए हैं। इनमें एमए, बीबीए, एमबीए आदि सत्रों से जुड़े विषय सम्मलित हैं। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि विस्तृत परीक्षाफल विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध हैं।

### लविवि में समृद्धि और साझेदारी पर चर्चा

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय में भारतीय लोक प्रशासन संस्थान (आईआईपीए) ने सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को प्राप्त करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान शांति, ग्रह, समृद्धि और साझेदारी विषयों पर राय साझा की गई। कार्यक्रम में सम्मलित प्रमुख सचिव नियोजन आलोक कुमार ने सतत विकास लक्ष्यों की वर्तमान स्थिति के बारे में जानकारी दी। लविवि में लोक प्रशासन विभाग के प्रमुख डॉ. नंद लाल भारती ने सहस्राब्दी विकास लक्ष्यों (एमडीजी) और एसडीजी पर विचार व्यक्त किए। इन उद्देश्यों को प्राप्त करने में सरकार और व्यक्तियों दोनों की भूमिकाओं पर प्रकाश भी डाला। सीतापुर के आरएमपी पीजी कॉलेज की अर्थशास्त्र की एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. अर्चना ने भारतीय सतत आर्थिक विकास में उत्तर प्रदेश के योगदान पर चर्चा की। कार्यशाला में 50 से अधिक प्रवक्ताओं और विशेषज्ञों ने भागीदारी की।